षोडश बिहार विधान सभा

पंचम सत्र

दैनिक विवरणिका

सोमवार, दिनांक- 06 मार्च, 2017 ई० ।

संख्या-07

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक ।

सभा की कार्यवाही प्रारंभ होते ही माननीय नेता विरोधी दल, श्री प्रेम कुमार द्वारा राज्य की कतिपय समस्याओं की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सदन को चलाने में आसन को सहयोग देने की बात कही गई जिसपर आसन द्वारा आभार व्यक्त किया गया ।

[1] कार्य मंत्रणा समिति का प्रतिवेदन :-

माननीय सदस्य एवं मुख्य सचेतक विरोधी दल श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा दिनांक 06.03.2017 को सम्पन्न कार्य मंत्रणा समिति के प्रतिवेदन को प्रस्तुत किया गया, जिसपर सदन की सहमति हुई ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 26 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-836 स्थगित ।
(iii) 07 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।
(iv) 45 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्य स्थगन :-

माननीय सदस्य श्री विजय कुमार खेमका, श्री संजय सरावगी, श्री श्याम बाबु प्रसाद यादव, श्री केदार प्रसाद गुप्ता, श्री जिवेश कुमार एवं श्री अरूण कुमार सिन्हा से प्राप्त कार्य स्थगन सूचना के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किए जाने की घोषणा की गई ।

माननीय नेता विरोधी दल श्री प्रेम कुमार द्वारा विभिन्न विषयों पर सरकार से वक्तव्य की माँग की गई । आसन से कहा गया कि इन मुद्दों को सही समय पर अलग से लाकर उठाया जाय ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री (मो०) नेमतुल्लाह
(ii) श्री समीर कुमार महासेठ
(iii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(iv) श्री अमित कुमार

[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

(*i*) माननीय सदस्य श्री श्याम रजक एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना माननीय सदस्य श्री श्याम रजक द्वारा पढ़ा गया । यह समाज कल्याण विभाग में स्थानान्तरित हुआ ।

(*ii*) माननीय सदस्य श्री (मो०) नेमतुल्लाह एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण की सूचना को माननीय सदस्य श्री (मो०) नेमतुल्लाह द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री शिक्षा विभाग श्री राजीव रंजन सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

इस दौरान अपनी विभिन्न माँगों को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गये ।

आसन से कहा गया कि अपनी बातों को अपने-अपने स्थान से जाकर कहें, किन्तु सदन में शान्ति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अप० से 05.02 बजे अप० तक)

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

[6] **वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2017-2018 के वार्षिक वित्तीय विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांगों [खंड-01 (कृषि विभाग, गन्ना उद्योग विभाग तथा मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग)] पर वाद-विवाद तथा मतदान**

कृषि विभाग के माननीय प्रभारी मंत्री श्री राम विचार राय द्वारा विभाग से संबंधित अनुदान की माँग का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा द्वारा अनुदान की माँग पर कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । अनुदान की माँग एवं कटौती प्रस्ताव पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(इस अवसर पर माननीय अध्यासी सदस्य श्री रामनारायण मंडल ने आसन ग्रहण किया ।)

(i)	श्रीमती समता देवी	(ii)	श्री हेम नारायण साह
(iii)	श्रीमती अमिता भूषण	(iv)	श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(v)	श्री उपेन्द्र पासवान	(vi)	श्री प्रभुनाथ प्रसाद
(vii)	श्रीमती पूर्णिमा यादव	(viii)	श्री विद्या सागर केशरी
(ix)	श्रीमती मँगिता देवी	(x)	श्री लक्ष्मेश्वर राय
(xi)	श्री सुधीर कुमार उर्फ बंटी चौधरी	(xii)	श्री सत्यदेव राम
(xiii)	श्री ललन पासवान	(xiv)	श्री राजू तिवारी
(xv)	श्री सैयद अबु दौजाना	(xvi)	श्री बशिष्ठ सिंह

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।)

(xvii) श्री राजेन्द्र कुमार

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री कृषि विभाग श्री रामविचार राय ने विस्तारपूर्वक उत्तर दिया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के सभी माननीय सदस्यगण सदन से बर्हिगमण कर गए ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य श्री अरूण कुमार सिन्हा का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा कृषि विभाग के संबंध में अनुदान की माँग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल-31 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक-07 मार्च, 2017 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-06.03.2017

राम श्रेष्ठ राय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।